प्रश्न 20. एक व्यक्ति की दैनिक मजदूरी में 15% की वृद्धि की गई। उस व्यक्ति को अब ₹230 प्रतिदिन मिलने लगे। वृद्धि के पूर्व उसकी दैनिक मजदूरी कितनी थी?

(क) ₹202 (ख) ₹210

(ग) ₹212 (घ) ₹200

## खण्ड – ख

**निर्देश:** निम्नलिखित प्रश्नों के 200 से 250 शब्दों में उत्तर लिखिए। (5×8 = **40 अंक**)

प्रश्न 21. केंद्रीयकरण के लाभों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 22. विश्वविद्यालय में प्रबंधन के महत्व की व्याख्या कीजिए।

प्रश्न 23. वियोजन एवं नियंत्रण में संबंध की व्याख्या कीजिए।

प्रश्न 24. औपचारिक संगठन एवं अनौपचारिक संगठन के मध्य अंतर स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 25. किसी संस्थान में कर्मचारी का चयन करते समय किन बातों को ध्यान में रखें?

## खण्ड – ग

**निर्देश:** निम्नलिखित प्रश्नों के 500 से 800 शब्दों में उत्तर लिखिए। (2×20 = **40 अंक**)

प्रश्न 26. किसी संगठन की सफलता के लिए एक अच्छे नेतृत्वकर्ता की भूमिका को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

नेतृत्वकर्ता (लीडरशिप) से आप का क्या तात्पर्य है? एक अच्छे लीडर के व्यवहार, भूमिका एवं गुणों को समझाइये।

प्रश्न 27. एक संस्थान के प्रदर्शन (Performance) में सुधार हेतु एक प्रबंधक की क्या भूमिका होनी चाहिए।

**अथवा**

विमुद्रीकरण की भारतीय अर्थव्यवस्था में लाभ और हानियों की व्याख्या कीजिए।

♦♦♦

Set-2

अनुक्रमांक (Roll No.) : .........................

# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

ज्ञान शांति मैत्री

## प्रवेश परीक्षा : 2019

## एम.बी.ए. (MBA)

**समय :** 3:00 घण्टे **पूर्णांक :** 100

**निर्देश:** सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रश्न तीन खण्डों में विभक्त हैं – **बहुविकल्पीय** (01 से 20), **लघु उत्तरीय** (21 से 25) और **दीर्घ उत्तरीय** प्रश्न (26 एवं 27)।

## खण्ड – क

**निर्देश:** बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर प्रश्न क्रमाँक के साथ क्रमश: लिखें। (20×1 = **20 अंक**)

प्रश्न 01. एक माली के पास 1000 पौधे हैं, वह इन पौधों को इस प्रकार लगाना चाहता है कि जिससे पंक्तियों और स्तम्भों की संख्या समान रहे। इसके लिए उसको कम से कम कितने और अधिक पौधों की आवश्यकता है?

(क) 14 (ख) 24

(ग) 32 (घ) 34

प्रश्न 02. वर्ष 1988 में स्कूल B में विद्यार्थियों की संख्या स्कूल A से आधी थी। वर्ष 1999 में, दोनों स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या, उससे पिछले वर्ष से 20% ज्यादा थी। वर्ष 2000 में, स्कूल B में विद्यार्थियों की संख्या, वर्ष 1999 में स्कूल A तथा स्कूल B में कुल विद्यार्थियों की संख्या ¼ थी। वर्ष 2000 में स्कूल B में विद्यार्थियों की संख्या, वर्ष 1999 में विद्यार्थियों की संख्या से कितने प्रतिशत कम थी?

(क) 15% (ख) 20%

(ग) 10% (घ) 25%

प्रश्न 03. सीमा, गीता से बड़ी है। रमेश, सीमा और सुजाता से छोटा है। सुजाता गीता से छोटी है। इनमें से कौन सबसे छोटा है?

(क) सीमा (ख) सुजाता

(ग) गीता (घ) रमेश

प्रश्न 04. 15 अगस्त 1996 को स्वतंत्रता दिवस शुक्रवार को मनाया गया तो 1996 का पहला दिन कौन सा था?

(क) बुधवार (ख) मंगलवार

(ग) सोमवार (घ) गुरुवार

--->

प्रश्न 05. यदि किसी सांकेतिक भाषा में SUBHAM को TVCIBN लिखा जाता है तो, SATYAM को उसी भाषा में कैसे लिखा जाएगा?

(क) TBUZBM (ख) TBVZBN

(ग) TBUBZN (घ) TBUZBN

प्रश्न 06. E का पुत्र A है, B का पुत्र D है, A का विवाह F के साथ हुआ है, B की पुत्री F है। D का A के साथ क्या संबंध है?

(क) भाई (ख) साला

(ग) ससुर (घ) पति

प्रश्न 07. अमित पूरब की ओर 30 मीटर चला। तब वह अपनी दाई ओर मुड़ा और 40 मीटर चला। फिर वह अपनी बाई ओर मुड़ा और 30 मीटर चला। अब वह अपने आरंभिक स्थान के सापेक्ष किस दिशा में है।

(क) पूरब (ख) दक्षिण-पूरब

(ग) दक्षिण (घ) उत्तर-पूरब

प्रश्न 08. मेरा भाई मुझसे 562 दिन बड़ा है, जबकि मेरी बहन उससे 75 सप्ताह बड़ी है। यदि मेरी बहन मंगलवार को पैदा हुई हो, तो मेरा जन्म किस दिन हुआ?

(क) रविवार (ख) सोमवार

(ग) बृहस्पतिवार (घ) मंगलवार

प्रश्न 09. पाँच व्यक्तियों का एक झुण्ड एक वृत्ताकार पथ में बैठकर केंद्र की तरफ मुंह किए ताश खेल रहे थे, जिनमें हरीश, सोहन के ठीक बाएं था। संजय, आनंद के ठीक दाएं था तथा वह आनंद तथा विनय के बीच में था, अब बताएं कि कौन विनय के ठीक दाहिनी तरफ था?

(क) सोहन (ख) संजय

(ग) आनन्द (घ) हरीश

प्रश्न 10. रमेश एक वस्तु ₹434 में बेचकर 24% लाभ कमाता है। रमेश ने वह वस्तु किस कीमत पर खरीदी थी?

(क) ₹ 350 (ख) ₹ 360

(ग) ₹ 340 (घ) ₹ 375

प्रश्न 11. किसी क्रिकेटर की 10 पारी के रनों का औसत 60 है। 11वीं पारी में वह कितने रन बनाये की और इन 62 हो जाए?

(क) 80 (ख) 81

(ग) 82 (घ) 83

प्रश्न 12. गीता, श्वेता तथा सीता ने क्रमश: ₹4200, ₹8400 तथा ₹5400 का निवेश करके एक व्यापार आरंभ किया। वर्ष के अंत में उन्हें ₹24000 का लाभ हुआ। सीता ने अपने हिस्से के लाभ का 32% एक बचत योजना में निवेश कर दिया। अब उसके पास कितना धन बचा?

(क) ₹5432 (ख) ₹4324

(ग) ₹4899 (घ) ₹4896

प्रश्न 13. एक बस की औसत चाल 55 कि.मी. प्रति घंटा है। एक कार की औसत चाल बस की औसत चाल से 26% अधिक है, तो कार आठ घंटे में कितनी दूरी तय करेगी।

(क) 568.4 कि.मी. (ख) 563.6 कि.मी.

(ग) 548.6 कि.मी. (घ) 554.4 कि.मी.

प्रश्न 14. दो रेलगाड़ियाँ स्टेशनों A और B से एक-दूसरे की ओर क्रमश: 50 कि.मी. प्रति घंटा और 60 कि.मी. प्रति घंटा की चाल से चलना प्रारंभ करती हैं। इनके मिलने के समय पर, दूसरी रेलगाड़ी ने पहली रेलगाड़ी से 120 कि.मी. दूरी अधिक तय की। A और B के बीच की दूरी है-

(क) 990 कि.मी. (ख) 1200 कि.मी.

(ग) 1320 कि.मी. (घ) 1400 कि.मी.

प्रश्न 15. यदि एक आयताकार डिब्बा 90 से.मी. लंबा, 50 से.मी. चौड़ा तथा 1 मी. ऊँचा है, तो इसका आयतन क्या होगा?

(क) 4.5 मी.$^3$ (ख) 0.45 मी.$^3$

(ग) 4500 मी.$^3$ (घ) 20 मी.$^3$

प्रश्न 16. यदि 10 आदमी 60 घरों को 120 दिन में पेंट करते हैं तो 5 आदमी 30 घरों को कितने दिन में पेंट करेंगे?

(क) 15 दिन (ख) 30 दिन

(ग) 60 दिन (घ) 120 दिन

प्रश्न 17. एक व्यक्ति अपनी आय का 30% भोजन पर, 20% बच्चों की शिक्षा पर तथा शेष का 60% घर के किराये पर व्यय करता है। उसके पास आय का कितना प्रतिशत शेष बचा है?

(क) 20% (ख) 30%

(ग) 35% (घ) 25%

प्रश्न 18. एक जार में दूध तथा पानी का मिश्रण क्रमश: 3:1 के अनुपात में है। जार में से 24 लीटर मिश्रण निकाल कर उसके स्थान पर 24 लीटर पानी मिला दिया जाता है। यदि जार में परिणामी मिश्रण में, दूध तथा पानी का क्रमश: अनुपात 2:1 है तो जार में मिश्रण की आरंभिक मात्रा (लीटर में) कितनी थी?

(क) 160 ली. (ख) 180 ली.

(ग) 200 ली. (घ) 216 ली.

प्रश्न 19. 6 वर्ष बाद, 8.5 वार्षिक ब्याज की दर से ₹3460 पर प्राप्त साधारण ब्याज कितना होगा?

(क) ₹1746 (ख) ₹1764.6

(ग) ₹1766 (घ) ₹1756.4

---->